तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 31 दिसंबर 2023


11 देश में कांग्रेस की सरकार बनाने एकजुट हो जाएं कार्यकर्ता : राशि



12 रासेयो शिविर के समापन में बांटे गए प्रमाण-पत्र





## खबर संक्षेप

### नो पार्किंग में ऑटो, चालकों के खिलाफ कार्रवाई

**रायपुर।** ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को अभियान चलाकर नो पार्किंग में ऑटो खड़े करने वाले ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। ट्रैफिक पुलिस के अफसरों के मुताबिक नो पार्किंग जोन में खड़े डेढ़ सौ से अधिक ऑटो के चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। ट्रैफिक पुलिस ने ऑटो चालकों को चेतावनी दी है कि नो पार्किंग में ऑटो पार्क करने वाले चालकों के खिलाफ निरंतर चालानी कार्रवाई जारी रहेगी।

### बुजुर्ग से पौने दो लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में इलाज करने के नाम पर पौने दो लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय ठग को गिरफ्तार किया है। 75 वर्षीय रामगोपाल व्यास से ठगी करने के आरोप में पुलिस ने राजस्थान, बूंदी निवासी सलाउद्दीन उर्फ आरके पठान को गिरफ्तार किया है। ठग ने बुजुर्ग की पत्नी के घुटने का इलाज करने के नाम पर ठगी की थी।

### तहसील के कर्मचारी से मारपीट

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना में तहसील कर्मचारी से मारपीट करने का मामला संज्ञान मे लिया गया है। तहसील कार्यालय में माल जमादार पर पदस्थ प्रार्थी महेन्द्र सिंह ध्रुव पिता टहल सिंह ध्रुव 37 साल ने बताया कि शुक्रवार को वह ग्राम मनबाय में किरण धीवर को कब्जा दिलाने गया, जहां पर बागबाहरा निवासी देवेश साहू द्वारा शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने कि धमकी दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 186, 332, 353 के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवती का अपहरण

**महासमुंद।** ग्राम जोबा थाना तुमगांव के निवासी राजेन्द्र बघेल पिता मनोहर बघेल की नाबालिग युवती को गुलाब मनोहर का घर ग्राम साराडीह से किसी अज्ञात ने बहला फुसलाकर कर अपहरण कर लिया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

### देवरानी-जेठानी में मारपीट, काउंटर रिपोर्ट

**महासमुंद।** बसना थाना के ग्राम ठाकुरपाली में जमीन विवाद को लेकर देवरानी-जेठानी के बीच मारपीट का मामला सामने आया है, जिसमें दोनों पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ जुर्म दर्ज कराया है। प्रार्थी संजुक्ता प्रधान पति सुदामा ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर दुखीश्याम प्रधान, जितेश, बिट्टू और जेठानी दमयंती प्रधान द्वारा अश्लील गाली देते हुए मारपीट किए। वहीं, दमयंती प्रधान ने देवरानी संजुक्ता प्रधान पति दुखीश्याम पर मारपीट का आरोप लगाया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### खरोरा के ग्रामीणों ने किया देवी दर्शन



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के 10 परिवारों ने शीतकालीन अवकाश पर बालाघाट, कुबेरेश्रर धाम सीहोर, महाकालेश्वर उज्जैन, काल भैरव, हरि सिहीकी, घटकनिका, मंगल मंदिर, संदीपनी, आश्रम, बड़ा गणेश, ओंकारेश्वर धाम, ममलेश्वर मंदिर, शारदा मंदिर मैहर, नर्मदा उदम स्थल अमरकंटक, रतनपुर मंदिर में देवी दर्शन किया गया।

# नशा मुक्ति के लिए गायत्री परिवार ने निकाली रैली, ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

### सात दिवसीय आवासीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर में 61 शिवरार्थी एवं 35 कार्यकताओं ने भाग लिया





शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान एवं गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य तथा माता भगवती देवी शर्मा के संरक्षण में गायत्री शक्ति पीठ कसडोल में 24 से 30 दिसंबर तक सात दिवसीय आवासीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कसडोल ब्लाक से असनीन, मानाकोनी, गिरौदपुरी, छेछर, भदरा, मड़कड़ा, बिलारी, मल्दा, साबर कसडोल आदि ग्रामों से तथा पठारी एवं बलौदाबाजार डाक के विभिन्न ग्रामों से 61 शिवरार्थी एवं 35 कार्यकताओं ने भाग लिया। इस दिन शिविर में प्रतिदिन योग, ध्यान, प्राणायाम, समय नियोजन, परीक्षा में अधिकतम अंक कैसे लाये, जीवन जीने की कला तथा स्वाध्याय के साथ-साथ युग शिल्पी संगीत दफली वादन, दीप यज्ञ कर्मकाण्ड का प्रशिक्षण दिया गया। लोक रंजन से लोकमंगल' की उक्ति को चरितार्थ करते हुए प्रतिदिन सोद्देश्यपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होता था। 29 दिसंबर को नशा मुक्ति रैली का भव्य आयोजन किया गया। ब्लॉक एवं अन्य स्थानों से सैकड़ों की संख्या में परिजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसमें नारी शक्ति द्वारा नशाखोरी से होने वाली हानियों को नारों के माध्यम से जनमानस में जागृति पैदा करने का कार्य किया गया। उक्त जानकारी अखिल विश्व गायत्री परिवार कसडोल की सदस्यों ने दी।

# भैसा सरपंच को एसडीएम ने किया दोबारा बर्खास्त

### सचिव ने पंचों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में उपसरपंच हरीश को सौंपा सरपंच का प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा



उल्लेखनीय हो कि गत वर्ष 4 मार्च 2022 को एसडीएम सिमगा द्वारा सरपंच यशवंत बघेल को धारा 40 (1) के तहत अनियमितता व शासकीय राशि गबन का दोषी पाए जाने पर उसे पदमुक्त किया था। तत्पश्चात उपसरपंच हरिश वैष्णव को पंचों की सहमति से स्थानापन्न सरपंच नियुक्त किया गया। इस दौरान बर्खास्त सरपंच ने कलेक्टर बलौदाबाजार के समक्ष अपिल में स्थगन आदेश की मांग किया जिसे कलेक्टर ने उनके स्थगन आवेदन पत्र को निरस्त कर दिया था।

इस पर बर्खास्त सरपंच ने आयुक्त, रायपुर संभाग के समक्ष पुनरीक्षण याचिका दाखिल किया, जहां 8 जून को कमिश्नर ने एसडीएम के आदेश पर यथास्थिति बनाए रखने कहा था।आयुक्त, रायपुर, संभाग ने 21 नवंबर को पुनरीक्षण याचिका को सिरे से खारिज कर दिया। इस बीच बर्खास्त सरपंच लगातार 10 महीने तक सरपंची करते हुए बिना प्रस्ताव के करोड़ों रुपये की राशि आहरण कर लिया। 20 अप्रैल 2023 को कलेक्टर ने पुनः एसडीएम सिमगा को रिमांडर से था, जिस पर 13 दिसंबर को एसडीएम अमित कुमार गुप्ता ने पुनः दोषी करार देते हुए धारा 40 (1) के तहत यशवंत बघेल को दुबारा सरपंच पद से हटा दिया। इसके बाद सीइओ अमित दुबे के आदेश पर सचिव बिरेंद्र ध्रुव ने पंचों एवं ग्रामीणों के समक्ष उपसरपंच हरीश वैष्णव को सरपंच का प्रभार सौंपा।

#### उपचुनाव पर रोक लगा दी

जिस आदेश को तत्कालिन जनपद सीईओ पंकज देव ने गलत व्याख्या करते हुए बर्खास्त सरपंच से लेन–देन कर उन्हें पुनः एकतरफा प्रभार दे दिया, जबकि एसडीएम सिमगा ने उसे पदमुक्त किया था। उक्त आदेश को किसी भी सक्षम न्यायालय ने निरस्त नहीं किया है। वहीं कलेक्टर कार्यालय में प्रकरण लंबित होने के कारण उच्च न्यायालय ने बर्खास्त सरपंच के अपील पर 28 जून को होने वाले उपचुनाव पर रोक लगा दी। स्थानापन्न सरपंच द्वारा निरंतर कलेक्टर, एसडीएम, सीईओ के कार्यालयों में जाकर कई बार लिखित एवं मौखिक जानकारी भी दिया, लेकिन उनकी बातों को अनसुना कर दिया गया।

# पति की प्रताड़ना से पत्नी ने लगाई फांसी आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



पति की प्रताड़ना से परेशान नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, जहां आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 306 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था, जहां विवेचना के दौरान अतिरिक्त धारा को जोड़कर युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

पुलिस के अनुसार बाबा निषाद अपनी पत्नी उमा निषाद से लगातार विवाद करता था, जिससे परेशान होकर उमा ने फांसी लगा ली। जांच के दौरान मृतिका के परिजनों का कथन लिया गया जो अपने कथन में बताये कि मृतिका उमा निषाद को उसका पति बाबा निषाद आये दिन लगातार घरेलु बात पर गाली गलौज कर मारपीट करता था, जो 7 माह की गर्भवती थी। उमा के परिजनों के समझाने के बावजुद भी वह नहीं समझा, जिससे बाबा निषाद के खिलाफ उमा निषाद ने थाना भाटापारा ग्रामीण में अपराध दर्ज कराया, जहां धारा 294, 506, 323 भादवि कायम किया गया। रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद भी मृतिका को लगातार परेशान करते रहा, जिससे परेशान होकर 1 सितम्बर की रात लगभग 11 बजे से विवाद करता रहा, जहां पीड़िता ने रात लगभग 2 बजे फांसी लगा ली, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। आरोपी के खिलाफ धारा 306 भादवि का अपराध घटित होना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया जाता है। आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर उसे 30 दिसम्बर को गिरफ्तार कर न्यायालय से न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

# रोलर पाइप और कन्वेयर बेल्ट की चोरी, तीन युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला



सीमेंट संयंत्र में लोहे का रोलर पाइप और कन्वेयर बेल्ट की चोरी करने वाले 3 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

प्रार्थी प्रभाकर सिंह पिता लखन सिंह निवासी श्री सीमेंट सिक्युरिटी अधिकारी खपराडीह ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि अज्ञात चोरों ने कंपनी के लाइन–3 क्रेशर स्टोर रूम का ताला तोड़कर स्टोर रूम में रखे लोहे का पाइप एवं कन्वेयर बेल्ट को चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457, 380 भा.द.वि. पंजीबद्ध कर विवेचना दौरान सीमेंट कंपनी में कार्यरत अन्य मजूदरों से पूछताछ की, जहां मुखबिर की सूचना पर संदेही गिरवर निषाद, मनीष वर्मा एवं संजय ध्रुव निवासी ग्राम करही को तलब कर कड़ाई से पूछताछ की गई, जहां तीनों युवकों ने लोहे का पाइप एवं कन्वेयर बेल्ट को चोरी करना स्वीकार किया।

पुलिस ने तीनों को अभिरक्षा में लेकर मेमोरण्डम कथन पर आरोपियों के कब्जे से उनके घर ग्राम करही से चोरी किये लोहे का पाइप एवं कन्वेयर बेल्ट को बरामद कर घटना में प्रयुक्त मोटरसायकिल सीजी 04 के टी 6043 को जब्त किया। वहीं आरोपी गिरवर पिता गणेश राम निषाद 24 वर्ष, मनीष पिता राजू वर्मा 19 वर्ष, संजय पिता भुवन ध्रुव 23 वर्ष साकिनान करही थाना सुहेला को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा के लिए न्यायालय पेश करने रवाना किया गया है।

### खाद्य विभाग ने पांच दुकानों को किया निरस्त

**महासमुंद।** 12 सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबों के मुफ्त राशन पर डाका डालने वाले 12 दुकान संचालकों के खिलाफ जांच में हेरा फेरी का मामला सामने आया है। इसमें से 9 दुकान संचालकों से 772 क्विंटल चावल की वसूली ली गई है और 5 दुकानों के लाईसेंस को निरस्त कर दिया गया है।गरीबों को मुफ्त और कम दामों में राशन मुहैया कराने के लिए शासन शासकीय उचित मूल्य की दुकानें संचालित करती है।

लेकिन, दुकान संचालक ही अगर गरीबों के राशन पर डाका मार दे तो बेचारे गरीब कहां जाये ये एक बड़ा सवाल है। ऐसा ही मामला महासमुंद जिले का है। दरअसल महासमुंद में पीडीएस के तहत हेराफेरी की आंशका को देखते हुए सितंबर 2022 में जिला खाद्य अधिकारी को जांच के लिए शासन से एक पत्र आया। इस आधार पर पीडीएस की दुकानों की जांच की गई। जांच में पाया गया कि जिले के 591 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में से 12 उसके बाद खाद्य विभाग के आला अधिकारी ने सभी दुकान संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। बाद में इन 12 दुकान संचालकों में 9 से 772.92 क्विंटल चावल रिकवर किया गया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती रहवासियों की समस्या बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला




क्षेत्र में इन दिनों बार-बार बिजली बंद होने से ग्रामीण परेशान हैं। वे अपने खेती-किसानी से संबंधित कार्य ठीक ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। किसान मंडी में धान बेचने के लिए फसल की सफाई में बिजली फंखा का प्रयोग करते हैं। बिजली बंद होने से कार्य बंद पड़ जाता है। परिणाम स्वरूप मंडी से धान वापस आने की नौबत आ जाती है।

> ■ कटौती से हर वर्ग है परेशान, बिजली आने का करते हैं इंतजार

उल्लेखनीय है कि 10 वीं एवं 12वीं के बच्चों की बोर्ड परीक्षा पास है जिसकी तैयारी कर रहे हैं। कॉलेज के विद्यार्थियों की परीक्षा भी प्रारंभ होने वाली है। ऐसे समय में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बार-बार बिजली कटौती, लो वोल्टेज जैसी समस्या से जुझना रहे हैं। कुछ दिनों पूर्व रविवार को बिजली मेंटेनेंस के नाम पर लगभग 10 से 11 घंटे बिजली बंद रखी गई। शनिवार को भी यही स्थिति रही। 7 से 8 घंटे बिजली बंद होने से व्यापार, बैंक, तहसील कार्यालय, ऑफिस आदि कार्य प्रभावित रहे। विदित हो कि वर्तमान में अधिकांश कार्य बिजली से संचालित है। कंप्यूटर, फोटो कॉपी, प्रिंटिंग, ऑनलाइन फॉर्म भरना आदि कार्य होते हैं। छात्रा चांदनी ने बताया कि कॉलेज के स्कॉलरशिप का फार्म भरने शनिवार को अंतिम दिवस था, बिजली बंद होने से बहुत परेशानी हुई। क्षेत्र में बार बार बिजली बंद का निवारण जल्दी किया जायेगा। ग्रामीणों, व्यापारियों एवं विद्यार्थियों की मांग है कि बिजली समस्या का निवारण शीघ्र किया जाए।

#### अधिकारियों ने दिया जवाब

बिजली बंद करने का आदेश ऊपर से है। ईई एन के सोनी ने फोन पर बताया कि 220 केवी कार्य चल रहा है, जो की शाम 4 बजे तक चलेंगे।

**-मनोज साहू,** जेई सुहेला

### धरती कहे पुकार के माध्यम से खेतों में जैविक खाद प्रयोग की जानकारी दी

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में योजनाओं से मिले लाभ को बयां कर रहे हैं हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार-सरसीवां



भारत संकल्प यात्रा में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत उन्हें योजनाओं से हुए लाभ को ग्रामीणों के सामने शिविर में बताया जा रहा है। इन योजनाओं में पीएम आवास योजना (ग्रामीण), आयुष्मान भारत, चिरायु योजना, पीएम उज्वला योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन (बिहान), पीएम फसल बीमा, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड आदि शामिल हैं। जिला टीम द्वारा संबंधित पोर्टल में विभाग के अनुसार अपलोड भी किया जा रहा है। जिले के बरमकेला विकासखंड के ग्राम गिरहुलपाली और गोबरसिंघा में वीबीएसवाय कार्यक्रम किया गया। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम टाडीपार और पहन्दा में किया गया। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम धाराशिव, डोकरीडीह, मुच्छमल्दा और दुम्हानी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम किया गया। मुच्छमल्दा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुभाष जालान और डॉ. दिनेश जांगड़े उपस्थित थे। इन शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा शिविर लगाया गया। प्रधानमंत्री के संदेश का प्रदर्शन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम ''धरती कहे पुकार के'' के माध्यम से खेतों में जैविक खाद के प्रयोग का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

#### विकसित भारत संकल्प यात्रा सरिया में आज, बरमकेला और भटगांव में कल

मुड़पार-सरसीवां। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर नगर पंचायत सरिया के वार्ड 13 में रविवार 31 दिसंबर को दोपहर 2 बजे आयोजित किया गया है। वहीं यह शिविर सोमवार 1 जनवरी को नगर पंचायत बरमकेला में सुबह 10 बजे और भटगांव में दोपहर 2 बजे किया जाएगा। इस वीबीएसवाय शिविर में पीएम आवास योजना, पीएम स्व निधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला आदि योजनाओं का स्टॉल लगाया जाएगा, जहां सभी नागरिकों को योजनाओं के लाभ के साथ-साथ आवेदन, आयुष्मान और आधार कार्ड अपडेशन किया जाएगा। वीबीएस यात्रा में बिहान समूह की महिलाओं और स्कूली बच्चों द्वारा धरती कहे पुकार के दौ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

### नवंबर की बिजली चार फीसदी सस्ती

**रायपुर ।** प्रदेशभर के 60 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं को नवंबर की बिजली चार फीसदी सस्ती मिलेगी। इस माह ऊर्जा प्रभार पर अक्टूबर से 4.13 फीसदी शुल्क कम लगेगा। अक्टूबर में ऊर्जा प्रभार पर 11.17 फीसदी शुल्क था, जो अब घटकर 7.04 हो गया है। इसी के साथ विधानसभा चुनाव के कारण लगी आचार संहिता के कारण सितंबर और अक्टूबर की कीमत तय नहीं हो सकी थी, वह भी तय होने से इन दो माह के शुल्क में भी करीब तीन फीसदी का फायदा उपभोक्ताओं को मिलेगा। दोनों के बिल का समायोजन भी नवंबर के बिल में होने से उपभोक्ताओं को डबल राहत मिलेगी।


हरिभूमि

**पाठक सूचना**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### विजेता खिलाड़ी हुए पुरस्कार से सम्मानित

**रायपुर।** कराते इंडिया आर्गेनाइजेशन से संबद्ध यूनाइटेड शोटोकन कराते डू इंडिया छत्तीसगढ़ के संयोजकत्व में शुक्रवार को बालाजी विद्या मंदिर में 27वीं नेशनल कराते चैंपियनशिप हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आकाश विग थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में प्रतियोगिता के आयोजन के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। श्री विग ने विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर यूएसके इंडिया के अध्यक्ष एमएम हैदर अली, यूएसके छग के डायरेक्टर संतोष गुप्ता और अध्यक्ष सनत राठौर उपस्थित थे।

### ओपन स्कूल में आवेदन की अंतिम तिथि आज

**रायपुर।** राज्य ओपन स्कूल की ओर से आयोजित मुख्य एवं अवसर परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। इस निर्धारित तिथि के पश्चात 1 से 15 जनवरी तक 500 रुपए विलंब शुल्क के साथ छात्र-छात्राएं परीक्षा आवेदन फॉर्म जमा कर सकते हैं। छात्र प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने समीपस्थ अध्ययन केंद्र में संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश के लिए आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। और अपने समीपस्थ अध्ययन केंद्रों में बिना विलंब शुल्क के 31 दिसंबर 2023 तक जमा कर सकते हैं। अध्ययन केंद्रों की सूची कार्यालयीन वेबसाइट में उपलब्ध है।

### असाध्य रोगों का उपचार जड़ी-बूटियों से

**रायपुर।** वनौषधियों एवं जड़ी-बूटी के माध्यम से असाध्य बीमारियों का



इलाज करने वाले आदिवासी वैद्यराज एवं वनौषधि विशेषज्ञ टीएन वेंकटेश्वर कबीर नगर केबीटी 42 में सेवा दे रहे हैं। श्री वेंकटेश्वर रोगी वनौषधियों एवं जड़ी-बूटी से निर्मित दवाइयों के जरिए विविध बीमारियों का इलाज करने में पारंगत है। वैद्यराज टीएन वेंकटेश्वर ने कहा कि वे अनेक बीमारियों का इलाज करते हैं, परंतु जटिल बीमारियों के उपचार में विशेष दक्षता हासिल है। उन्होंने बताया कि अस्थमा, वात रोग, चर्म रोग, लकवा, लीवर सिरोसिस, मिर्गी आदि का उपचार पारंपरिक पद्धतियों से तैयार जड़ी-बूटियों से करते हैं।

### पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से छाए बादल, जनवरी के पहले सप्ताह में बरसेंगे भी

**रायपुर।** साल का अंत तो बेहद ही सामान्य ठंड के साथ बीत जाएगा, मगर नए साल का पहले सप्ताह में छाए बादल बरस भी सकते हैं। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव और दो दिशाओं की हवा के मिलन से राज्य का मौसम बदलने की संभावना बन रही है। अभी बादलों की वजह से रात का पारा और चढ़ने तथा दिन में मौसम में ठंडकता रहने का अनुमान है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के जाने के बाद भी राज्य में आने वाली हवा की दिशा नहीं बदली, जिसकी वजह से ठंड की वापसी नहीं हुई है। वातावरण में मौजूद नमी की वजह से रायपुर में रात का तापमान सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस तक अधिक हो चुका है। इसके प्रभाव से ठंड बेहद कम हो चुकी है और इसमें आने वाले दिनों में और कमी आने की गुंजाइश बन रही है। जानकारी के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ ने अपना प्रभाव शुक्रवार से दिखाना शुरू कर दिया है। इसकी वजह से आज दिन में बादल छाए रहे और नमी की वजह से दृश्यता में धुंधलापन नजर आया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक पूर्व की नमीयुक्त हवा की वजह से अगले चौबीस घंटे के मौसम में कोई बदलाव होने के आसार नहीं हैं। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि नए साल में राज्य में मौसम बदल सकता है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव तथा राज्य में दो दिशाओं से हवा के आने से विंडशियर जोन बनने की वजह से यहां बारिश होने की संभावना बन रही है।

# नए साल में पर्यटकों की पहली पसंद चित्रकोट, बारनवापारा, मैनपाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नए साल के स्वागत के साथ पुराने साल की विदाई को यादगार बनाने के लिए लोगों के प्राकृतिक स्थानों पर जाने के लिए होड़ मची हुई है। राज्य के अलग-अलग पर्यटक स्थलों में राज्य के साथ दूसरे राज्य के लोगों ने पर्यटन के साथ वन विभाग के रिसोर्ट में एक माह पूर्व से अपने लिए ऑनलाइन जगह बुकिंग कराई हैं।


हरिभूमि सरोकार

पर्यटन विभाग के अफसरों के मुताबिक पिछले दो वर्षों की तुलना में इस वर्ष लोगों ने पर्यटन स्थलों में पहले से ऑनलाइन बुकिंग कराई है। पर्यटकों की पहली पसंद चित्रकोट के साथ बारनवापारा तथा मैनपॉट है। इन पर्यटन स्थलों में पिछले 10 दिसंबर से 31 दिसंबर के बीच रिसार्ट में पौने 14 सौ लोगों ने रूम बुक कराए हैं। इसके अलावा स्थानीय पर्यटक बगैर रिसोर्ट बुक कराए यहां सैर करने जाने की तैयारी में हैं। पर्यटन विभाग के अनुमान के मुताबिक 30 दिसंबर से एक जनवरी के बीच इन पर्यटक स्थलों में 15 हजार से ज्यादा पर्यटक पहुंचेंगे।

## प्रदेश के सभी पर्यटन स्थलों के रिसोर्ट में नो रूम की स्थिति

### इन राज्यों से भी पहुंच रहे पर्यटक

पर्यटन विभाग के प्रवक्ता के मुताबिक दिसंबर में दूसरे राज्य मध्यप्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, ओडिशा तथा आंध्रप्रदेश के पांच हजार से ज्यादा पर्यटक यहां के पर्यटन स्थलों की सैर करने के लिए पहुंच चुके हैं। दूसरे राज्यों के पर्यटकों ने 30 दिसंबर से एक जनवरी के लिए सैर करने के लिए पहुंचेंगे।



*लोक नृत्य के साथ पारंपरिक भोजन : छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग की प्रवक्ता अनुराधा दुबे के मुताबिक अलग-अलग सेंटरों में पर्यटकों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए नए वर्ष के अवसर पर उनके क्षेत्र की लोक संस्कृति से जुड़े लोक नृत्य की प्रस्तुति की जाएगी। इसके साथ पर्यटक पारंपरिक भोजन का लुत्फ भी उठा सकेंगे।*

### सुरक्षा के लिए पुलिस के साथ निजी सुरक्षा गार्ड

पर्यटन विभाग के अफसरों के मुताबिक जिन पर्यटक स्थलों में पर्यटकों ने जगह बुक कराई हैं, उनकी संख्या की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। इसके अलावा पर्यटक स्थलों के रिसोर्ट में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए निजी सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएंगे। रिसोर्ट में पर्यटकों को किसी तरह से कोई परेशानी न हो, इसका भी ध्यान रखा जाएगा।

### सभी जगह नो रूम की स्थिति

वन तथा पर्यटन विभाग के अफसरों से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक 25 दिसंबर के बाद से यहां के पर्यटन स्थलों में जितने भी रिसोर्ट तथा रुकने के लिए अन्य व्यवस्था है, वहां नो रूम की स्थिति है। अफसरों के अनुसार 25 दिसंबर से स्कूलों में शीतकालीन अवकाश होने तथा ठंड में सैर करने अनुकूल स्थिति होने की वजह से बड़ी संख्या में पर्यटक सैर करने के लिए आते हैं। राज्य के अलग-अलग पर्यटन स्थलों पर दो हजार के पर्यटकों ने रिसोर्ट, वुडन, डिलक्स तथा अन्य रूम बुक कराए हैं।

### पड़ोसी राज्य के पर्यटक जंगल से आकर्षित

राज्य के वनों में भले ही बाघ की मौजूदगी नहीं के बराबर है, लेकिन राज्य का वन चारों तरफ से नदी तथा पहाड़ों से घिरा हुआ है। इसके कारण राज्य के साथ पड़ोसी राज्य के पर्यटक यहां के पर्यटन स्थलों की सैर करने पहुंचते हैं। दूसरे राज्य के पर्यटक यहां ट्रैकिंग करने के लिए भी पहुंचते हैं।

## सेंट्रल और नान के लिए चावल जमा करने में तेजी

# अब तक 13 लाख 34 हजार से अधिक किसानों ने बेचा 63 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में 1 नवंबर से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी को लगभग दो महीने का समय हो चुका है। इस बीच अब तक राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 13 लाख 34 हजार 119 किसानों से 63 लाख 22 हजार 32 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है।

खास खबर

इसके एवज में किसानों को 14 हजार 33 करोड़ रुपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है। इसके साथ ही धान की कस्टम मिलिंग का काम जारी है। सेंट्रल पूल के लिए एफसीआई और राज्य पूल के लिए नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा करने का काम भी तेजी पर है।



### कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव तेज

राज्य में धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव जारी है। अब तक 51 लाख 24 हजार 619 टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरुद्ध मिलर्स द्वारा 38 लाख 57 हजार 479 टन धान का उठाव किया गया है। खाद्य विभाग के सचिव ने मिलर्स को तेजी से धान का उठाव करने के साथ ही कस्टम मिलिंग का चावल नियमित रूप से जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। कस्टम मिलिंग का चावल फिलहाल नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा लिया जा रहा है। 1 जनवरी से एफसीआई में भी सेंट्रल पूल का चावल जमा होने लगेगा। मिलर्स को बीते वर्ष की कस्टम मिलिंग के शेष चावल को भी शीघ्र जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

- 14 हजार 33 करोड़ रुपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है
- 51 लाख 24 हजार 619 टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया

### अब मिलर्स बनाएंगे उसना चावल

छत्तीसगढ़ में राइस मिलर्स अब तक अरवा चावल बनाने का काम कर रहे थे। दरअसल केंद्र सरकार ने सेंट्रल पूल के लिए केवल अरवा चावल देने का आदेश दिया था, लेकिन सरकार बदलने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आग्रह पर केंद्र सरकार ने राज्य से 15 लाख मीट्रिक टन उसना चावल लेने की भी सहमति दी है। बताया गया है कि अब खाद्य विभाग मिलरों को उसना चावल तैयार करने का आदेश जारी करेगा। जो मिलर्स अब तक अरवा चावल बना रहे थे, उनमें से ऐसे मिलर, जिनकी मिल उसना चावल बनाने की क्षमता रखती है, उन्हें उसना चावल बनाने के लिए कार्यादेश जारी किया जाएगा।

# चॉइस सेंटरों में भी अब संपत्ति कर का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



संपत्ति कर का भुगतान करने लोगों को अब नगर निगम के दफ्तरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी है, वे आसानी से अपने मोहल्ले में ही संचालित चॉइस सेंटर में जाकर संपत्ति कर का भुगतान कर सकेंगे। इसके लिए नगर निगम के राजस्व विभाग ने माड्यूल तैयार किया है। इस मॉड्यूल के जरिए चॉइस सेंटर के संचालक नगर निगम की डिजिटल पेमेंट प्रणाली के माध्यम से किसी का भी ऑनलाइन संपत्ति कर का भुगतान कर सकता है।

- चॉइस सेंटर संचालकों को तैयार मॉड्यूल का दिया गया प्रशिक्षण

*आईडी सर्च कर संपति कर की देंगे जानकारी, नकद भुगतान भी*
*शहर के 50 से अधिक चॉइस सेंटरों के संचालकों को प्रशिक्षण के दौरान उन्हें बताया गया कि चॉइस सेंटर में आने वाले करदाता की आईडी माड्यूल के माध्यम से कैसे सर्च करेंगे और उन्हें संपति कर की जानकारी देंगे। कोई करदाता संपति कर का भुगतान नकद करना चाहता है, तो इसके लिए संचालक को नगर निगम की डिजिटल पेमेंट प्रणाली में कर दिया जाएगा। इसका भुगतान होते ही उसकी रसीद सिस्टम से जनरेट हो जाएगी, जिसे प्रिंट करके करदाता को दिया जाएगा।*

*प्रत्येक वार्ड के चॉइस सेंटर में सुविधा : इस नए सिस्टम के तहत शुरुआत में प्रत्येक वार्ड में कम से कम एक चॉइस सेंटर को इसके लिए अधिकृत किया जा रहा है। इसके लिए आगामी दो दिन तक चॉइस सेंटर संचालकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।*

### चॉइस सेंटर संचालकों को दिया गया प्रशिक्षण

संपत्ति कर का भुगतान करने अब तक लोगों को जोन दफ्तर या नगर निगम मुख्यालय में जाना पड़ता था। इसके लिए लोगों को निगम दफ्तर पहुंचने में जहां समय लगता था, वहीं जोन क्षेत्र के रहवासी अपने जोन दफ्तर में जाकर ही संपत्ति कर का भुगतान करने जाते हैं। इसके कारण दफ्तरों में भीड़ भी लगी रहती थी, जिसके कारण कई बार लोगों को संपत्ति कर का भुगतान करने में घंटों लग जाते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। संपत्ति कर का भुगतान करने की सुविधा चॉइस सेंटरों में भी दी जा रही है। इसके लिए शुक्रवार को चॉइस सेंटर संचालकों को तैयार माड्यूल का प्रशिक्षण भी दिया गया।

# ढीला हो रहा हमर क्लीनिक का कामकाज कारण बताओ नोटिस, समय पर आने की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




घर के समीप ही प्राथमिक जांच और उपचार की सुविधा देने के लिए प्रारंभ किए गए हमर क्लीनिक का कामकाज ढीला होने लगा है। डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ के समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने की शिकायतों के आधार पर कुछ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सभी हमर क्लीनिक के चिकित्सकों को हिदायत दी गई है कि वे निर्धारित समय पर ड्यूटी पर आएं, अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

करीब डेढ़ साल पहले स्वास्थ्य विभाग द्वारा मोहल्लास्तर पर हमर क्लीनिक की शुरुआत की गई थी। इन स्थानों पर एमबीबीएस डाक्टरों को तैनात किया गया था, जो आने वाले मरीजों की बीपी-शुगर सहित अन्य प्राथमिक बीमारियों की जांच के साथ उन्हें निशुल्क दवा उपलब्ध कराते थे। शुरुआती दौर में हमर क्लीनिक में दो वक्त की ओपीडी का संचालन किया जाता था, मगर धीरे-धीरे इसके कामकाज में लापरवाही शुरू हो गई थी। शिकायत मिलने लगी थी कि हमर क्लीनिक का संचालन समय पर नहीं किया जा रहा है और डाक्टर अपनी ड्यूटी के दौरान क्लीनिक में नहीं बैठ रहे हैं। इस तरह की शिकायतों के आधार पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए बैजनाथ पारा सहित आधा दर्जन हमर क्लीनिक के चिकित्सकों को ड्यूटी में लापरवाही बरतने के लिए नोटिस जारी कर उनसे इसका कारण पूछा है। इसी तरह तमाम चिकित्सा स्टाफ को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समय पर अपनी ड्यूटी पर आए और दोनों वक्त की ओपीडी में मरीजों का इलाज करें।

- प्राथमिक उपचार के लिए गली-मोहल्ले में खोले गए हैं स्वास्थ्य केंद्र

जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी द्वारा उन्हें चेतावनी दी गई है कि ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### निशुल्क जांच के लिए जारी हुआ आदेश

वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा देने के लिए सिविल सर्जन सहित तमाम बीएमओ को इसकी व्यवस्था बनाने के लिए निर्देश जारी किया गया है। स्वास्थ्य केंद्रों में वरिष्ठ नागरिकों को तमाम तरह की बीमारियों की जांच प्राथमिक स्तर पर देने और आवश्यक होने पर उच्च संस्थान में रेफर करने निर्देशित किया गया है। सीनियर सिटीजन की पहचान के लिए वार्डस्तर पर सर्वे करने और जांच सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## कोरोना : दुर्ग में एक मौत, दस नए मामले पुराने तीन ठीक हुए

**रायपुर।** आठ माह तक नियंत्रित रहने के बाद कोरोना प्रभावित एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। 82 साल की महिला का इलाज सेक्टर-9 हास्पिटल में चल रहा था। कोरोना के अलावा उसे दूसरी तरह की गंभीर बीमारी भी थी। शुक्रवार को राज्य में दस नए मामले सामने आए वहीं आठ दिन पहले मिले तीनों संक्रमितों को स्वस्थ घोषित किया गया।

कोरोना के मामले धीरे-धीरे बढ़ने लगे हैं। सप्ताहभर में इनका आंकड़ा दहाई अंक तक पहुंच गया है। गुरुवार को यहां 12 तथा शुक्रवार को दस नए मामले सामने आए, जिसे मिलकर एक्टिव मरीजों की संख्या 37 हो गई है। राज्य में करीब आठ माह बाद मौत के कारणों में कोरोना को शामिल किया गया है। दुर्ग जिले में रहने वाली महिला को इलाज के लिए सेक्टर-9 अस्पताल में दाखिल किया गया था। कोरोना के सबसे अधिक मामले अभी दुर्ग जिले संबंधित है यहां एक्टिव मरीजों की संख्या 13 है। वहीं रायपुर जिले में एक संक्रमित के ठीक होने के बाद सक्रिय मरीजों की संख्या 6 हो गई है। रायगढ़ में चार नए केस मिलने के बाद वहां आठ संक्रमितों का इलाज चल रहा है। इसके अलावा कोरिया, सूरजपुर, सुकमा में भी कोरोना के मामले मिले हैं। शुक्रवार को 4678 सैंपलों की जांच की गई है।

# दो बरस की रंजिश में खेला खूनी खेल युवक को घेरकर चाकू, डंडे से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/धरसींवा

धरसींवा थाना क्षेत्र के सिलियारी चौकी में आपसी रंजिश पर एक परिवार के लोगों ने एक युवक पर चाकू, रॉड तथा डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने तीन नाबालिग सहित आठ लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 307, 147, 148 तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

- घटना धरसींवा थाना क्षेत्र के सिलियारी चौकी की
- ग्रामीणों के प्रदर्शन के बाद पुलिस ने फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया

पुलिस के मुताबिक कपिश मरकाम पर जानलेवा हमला करने के आरोप में एक ही परिवार के तीन नाबालिग सहित पूरन सोलंकी, दिनेश, अमित, विजय राठौर तथा रोहित को गिरफ्तार किया है। कपिश के चाचा ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को पूरन तथा उसके परिवार के अन्य सदस्यों ने कपिश को घेर लिया और उस पर चाकू, डंडा तथा रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कपिश के पिता तथा चाचा द्वारा बीच बचाव करने पहुंचने पर बदमाशों ने उनके साथ भी मारपीट की।

### तेज रफ्तार वाहन चलाने से मना करने पर नाराज थे

कपिश के चाचा के मुताबिक एक पखवाड़ा पूर्व सोलंकी परिवार का एक लड़का गांव में लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार बाइक चला रहा था, जिसे उसने तथा गांव के



कुछ लोगों ने रोककर समझाइश दी। इससे नाराज होकर सोलंकी परिवार के लड़के ने अपने अन्य परिजनों के साथ मिलकर कपिश पर प्राणघातक हमला किया। उरला सीएसपी अविनाश मिश्रा के मुताबिक पीड़ित तथा आरोपी पक्ष की पिछले दो वर्ष से आपसी रंजिश चल रही है।

### नाराज लोगों ने थाने का घेराव किया

मारपीट की घटना में शामिल बदमाशों की गिरफ्तारी नहीं होने से ग्रामीण नाराज थे। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने शुक्रवार को सिलियारी बंद का आयोजन किया। इसके बाद पुलिस ने घटना में शामिल सभी फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया। नाबालिगों को बाल न्यायालय में पेश किया गया।

### गिरफ्तार कर जेल दाखिल

सिलियारी में मारपीट की घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया गया है। मारपीट की घटना आपसी रंजिश पर हुई है।

- **अविनाश मिश्रा,** उरला सीएसपी

# गोधन न्याय योजना : वेबसाइट बंद, गोबर खरीदी पर लगा ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरकार बदलते ही गोधन न्याय योजना के तहत होने वाली गोबर खरीदी बंद कर दी गई है। आदेश मिलते ही निगम के अफसरों ने इसकी जानकारी सभी समितियों को दे दी है। 2 दिसंबर से ही मवेशी पालकों से की जाने वाली गोबर खरीदी पर रोक लगने के बाद नई समस्या भी शुरू हो गई है। समितियों को सरकार से मिलने वाला फंड अटकने से इंतजार की नौबत आ गई है। समितियों ने बताया कि गोधन न्याय का भुगतान करने बनाई गई वेबसाइट भी बंद हो गई है। रायपुर निगम सीमा के अलग-अलग जोन क्षेत्र में गोबर खरीदी के लिए 5 साल पहले बनाई गई व्यवस्था ठप हो गई है। इससे गोबर से खाद, पेंट, दीए



बनाने वाली स्व-सहायता समूह की महिलाओं के सामने नई चुनौती है। हर महीने होने वाली लाखों की कमाई बंद होने के साथ ही अब उन्हें व्यवसाय को जिंदा रखने के लिए खुद फंड खर्च करना पड़ेगा, क्योंकि नई सरकार ने पुरानी व्यवस्था ही नहीं योजना को ही ठंडे बस्ते में डाल दिया है। इस वजह समितियों से जुड़ी 150 से भी ज्यादा महिलाओं ने जो काम शुरू किया था, अब वह अधर में अटक गया है। गोधन की सारी प्रक्रिया को आदेश के बाद से ही बंद कर दिया गया है।


### समितियां ही खरीद रहीं गोबर

गोठान में बनाए गए केन्द्रों में मवेशी पालकों से गोबर खरीदने वाली महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने इससे जुड़े कई तरह के काम शुरू किए हैं। इसे बिना गोबर के आगे चलाना संभव नहीं है। इसको देखते हुए कई समितियों ने मवेशी पालकों से खरीदी जारी रखी है। गोपालकों को समितियां ही भुगतान करेंगी। वहीं जिन समितियों से कम महिलाएं जुड़ी हैं, वे बचे हुए गोबर से खाद बनाने में जुटी हैं। इसे बनाने के बाद शासन से रुका भुगतान मिलने के बाद निर्णय लेने वाली हैं कि आगे वे इस काम को करेंगी या फिर बंद करेंगी।

# सड़क पर फेंक देंगे सामान, डेंटल कॉलेज की छात्राओं ने महिला आयोग से मांगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रूम खाली कर भाग जाओ नहीं तो सारा सामान सड़क पर फेंक देंगे। दंत महाविद्यालय के वार्डन द्वारा दी जाने वाली धमकी के बाद छात्राओं ने महिला आयोग से इस मामले की गुहार लगाई है। अध्यक्ष ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई पर रोक लगाते हुए दो जनवरी को कालेज प्रबंधन को सुनवाई में उपस्थित होने का निर्देश दिया है। राज्य के इकलौते शासकीय दंत चिकित्सालय की अंतिम वर्ष की करीब 40 छात्राओं ने जबरदस्ती हास्टल खाली कराए जाने संबंधी शिकायत करने राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा. किरणमयी नायक से मुलाकात की। उन्होंने अपनी लिखित शिकायत में बताया कि वे सभी बीडीएस फाइनल इयर में अध्ययनरत हैं, जो पिछले चार वर्षों से हास्टल में निवासरत हैं। फाइनल ईयर की परीक्षा समाप्त नहीं हुई है, परंतु वार्डन ने शुक्रवार को नोटिस जारी कर कहा है कि तत्काल रूम खाली कर दो। यहां से भाग जाओ अन्यथा पूरा सामान निकाल कर सड़क पर फेंक दिया जाएगा। छात्रों ने आगे बताया कि पूरी फीस



जमा किया गया है। सीनियर हास्टल में निवासरत हैं। हमारे साथ ही ऐसा व्यवहार किया जा रहा है। इसकी जानकारी डेंटल कालेज के डायरेक्टर को भी है। छात्रों के हास्टल में 40 प्रतिशत कमरे खाली हैं। प्रदेश के बाहर की सभी छात्राएं हैं। अचानक सभी कहां और क्यों जाएं। कालेज का नियम है कि इंटरनशिप के बाद कालेज छोड़ा जाता है। सुरक्षा का भी ख्याल नहीं रखा गया है। इस संबंध में कालेज के प्राचार्य डा. विरेन्द्र वाढ़ेर का कहना है कि छात्राओं को हास्टल खाली करने के लिए छह माह पहले ही सूचना दे दी गई थी। छात्राओं के हास्टल के लिए तीन-तीन वर्ष की वेंटिंग चल रही है। महिला आयोग के समक्ष पूरे मामले को रखा जाएगा।

- वार्डन के खिलाफ शिकायत, आयोग ने लगाई कार्रवाई पर रोक



### कैंटीन संचालन के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** अभनपुर थाने में एक व्यक्ति ने एक महिला तथा अन्य व्यक्ति के खिलाफ कैंटीन संचालित करने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक पचेड़ा निवासी नरसिंग गौड़ ब्राह्मण ने सत्यवती, अमरेश तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। नरसिंग ने पुलिस को बताया कि वह जिस कैंटीन को चलाता है, उसे सत्यवती तथा अन्य ने अपना होने की बात कहते हुए विवाद कर उसके साथ मारपीट की।

## खबर संक्षेप



### शिवशक्ति केंद्र के कार्यकर्ताओं ने किया नवनिर्वाचित विधायक का स्वागत

**महासमुंद।** नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की आभार रैली के दौरान शहर के मुख्य मार्गों में भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों द्वारा आतिशबाजी, पुष्पवर्षा कर स्वागत अभिनन्दन किया गया। बग्गा स्टोर्स ओव्हरब्रिज के पास शिवशक्ति केंद्र नयापारा के 5 बूथों के कार्यकर्ताओं ने महासमुन्द विधानसभा में ऐतिहासिक विजय हासिल करने वाले नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का बड़ी पुष्पमाला पहनाकर भव्य अतिशबाजी करते हुए आत्मीय अभिनन्दन किया।

### फाइनल मैच में शारदा इलेवन की टीम ने मारी बाजी



**सरायपाली।** अंडर पीसीएस डय्स बाल क्रिकेट प्रतियोगिता बुढ़ाडोंगर कप 2023 का आयोजन सरस्वती क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामवासी माल्दामाल द्वारा किया गया। प्रथम पुरस्कार के रूप में 10001 रुपए एवं ट्राफ़ी ,द्वितीय 5001 रुपए एवं ट्राफ़ी प्रदाय किया गया। फ़ाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल पहुंचें। फाइनल मैच माल्दामाल एवं शारदा इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें शारदा इलेवन की टीम ने बाजी मारी। विशिष्ट अतिथि अनिता चौधरी, एसपी चौहान, दशरथी यदु, तेजराम बीसी,महेश नायक, शैलेंद्र साहू, तुषार सेन, आशीष सेन, आयुष साहू, विजय नाग, किशन जयसवाल, तरुण गड़तिया, निर्मल प्रधान, गजानंद नायक, युधिष्ठिर साहू, देवेंद्र बढ़िया, देवेंद्र भोई उपस्थित रहे।

### उनकी कविताओं में बला का जादू था, जो सोते हुए सिंह को जगा सकता था:

**महासमुंद।** भारत के महान शिक्षाविद्, भारतरत्न पं. मदन मोहन मालवीय एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की जयंती पर यह आभासी संगोष्ठी पदमचंद गांधी राष्ट्रीय संयोजक जयपुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। डॉ. अरूणा सराफ प्रदेश महासचिव इन्दौर द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से संगोष्ठी की शुरूआत हुई। बाद प्रस्तावक के रुप में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल (डी लिट्) ने कहा कि माँ भारती के सच्चे आराधक एवं युगदृष्टा मदनमोहन मालवीय देश की शिक्षा प्रणाली को भारतीयता से ओतप्रोत करने के उद्देश्य से सन 1916 में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना की तथा चौरीचौरा आंदोलन के सेनानियों का मुकदमा लड़कर उन्हें मृत्युदंड से बचाने का महती कार्य किया। उन्होंने कहा कि आज ही देश के सर्वश्रेष्ठ राजनेताओं में अग्रगण्य भारतरत्न कवि हृदय, हिन्दी प्रेमी अटल जी का जन्मदिवस है। उनकी कविताओं में बला का जादू था।

# आरडीए पहली बार कर्जमुक्त, बैंकों के साथ ठेकेदारों के भी हजार करोड़ चुका दिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण ने अपनी कमल विहार योजना, जिसका नाम अब माता कौशल्या विहार हो गया है, इसके लिए करीब छह सौ करोड़ का कर्ज बैंकों से लिया था। यह कर्ज आरडीए के लिए गले की हड्डी बन गया था। यह कर्ज आठ सौ करोड़ से ज्यादा का ब्याज के कारण हो गया था। इसी के साथ ठेकेदारों का भी भारी बकाया होने के कारण आरडीए पर हजार करोड़ की देनदारी हो गई थी, लेकिन अब आरडीए पूरी तरह से कर्जमुक्त हो गया है। आज की तारीख में आरडीए पर जहां कोई कर्ज नहीं है, वहीं उसके पास खुद की छह सौ करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी भी है। यही नहीं, अब आरडीए में नियमित रूप से जहां समय पर वेतन मिलता है, वहीं जीएसटी जमा करने के मामले में भी उसको प्रमाणपत्र मिल चुका है। आरडीए के पूर्व अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़ ने कहा कि हमने अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठते ही तय किया था कि आरडीए को कर्ज मुक्त करेंगे, वह आज कि तिथि में हो गया है।

## वेतन देने के भी अब लाले नहीं, जीएसटी चुकाने के मामले में भी मिल चुका है प्रमाणपत्र

### बकायादारों पर भी नकेल

रणनीति के तहत बकायादारों पर भी नकेल कसने का काम किया गया। जो भी बकायादार भुगतान नहीं कर रहे थे, उनसे आवास वापस लेकर उनको फिर से बेचा गया। ऐसा होने से एक फायदा यह भी हुआ कि जो आवास पहले 11 से 12 लाख में बिके थे, वो वापस 17 से 18 लाख में बिके। इससे भी आरडीए को फायदा हुआ। कुल मिलाकर नौ सौ से हजार करोड़ की प्रापर्टी को बेचा गया और इससे न सिर्फ बैकों का कर्ज चुकाया गया, बल्कि ठेकेदारों को भी उनका बकाया भुगतान किया गया।



**जीएसटी से मिला प्रमाणपत्र :** श्री धुप्पड़ बताते हैं कि पहले जीएसटी का पैसा समय पर जमा नहीं होता था, लेकिन इसको भी हमने तय किया कि इसका भुगतान हर हाल में 10 तारीख तक किया जाएगा। जब नियमित रूप से भुगतान किया गया, तो जीएसएस से इसके लिए हमें प्रमाणपत्र भी मिला।

**दो सौ करोड़ का ब्याज कराया माफ :** पूर्व अध्यक्ष श्री धुप्पड़ ने बताया, सेंट्रल बैंक के कर्ज का 207 करोड़ 72 लाख 30 हजार का ब्याज भी माफ कराने का काम किया गया। अधिकारियों के साथ बैठक हुई, तब जाकर वे माने। इसके बाद सेंट्रल बैंक का पूरा कर्ज चुकाने का काम अब जाकर 29 दिसंबर को पूरा हो सका है।

*__कारगार रणनीति आई काम :__ प्रदेश में कांग्रेस शासन काल में 21 जुलाई 2021 को सुभाष धुप्पड़ को आरडीए का अध्यक्ष बनाया गया। उनके अध्यक्ष बनने के बाद उनको यह जानकारी हुई कि प्राधिकरण को कर्मचारियों को वेतन देने के लिए भी परेशानी होती है। कभी भी समय पर वेतन नहीं मिल पाता। इसी के साथ प्राधिकरण पर कर्ज भी बहुत ज्यादा है। ऐसे में उन्होंने इसके लिए नई तरह की रणनीति बनाने का काम किया और महज 10 दिनों के अंदर की स्थिति यह बना दी कि एक अगस्त 2021 से कर्मचारियों को एक तारीख को वेतन मिलने लगा।*

# देश में कांग्रेस की सरकार बनाने एकजुट हो जाएं कार्यकर्ता : राशि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

इंडियन नेशनल कांग्रेस कमेटी ने पार्टी की 139वीं जयंती और महारैली का आयोजन महाराष्ट्र के नागपुर जिले में आयोजित की। जयंती के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित महारैली में देशभर से बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम में महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष और महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश महासचिव राशि त्रिभुवन महिलांग व युवा कांग्रेस नेता अरिश अनवर और अपने 25 कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुई। उन्होंने लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने पर जोर देते हुए 2024 में लोकसभा चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने के लिए कार्यक्रम में उपस्थित सभी कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश में भाजपा की मोदी सरकार के आने के बाद से लगातार बढ़ती महंगाई से देश के नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोदी ने विदेशों में काला धन लाने के मामले में चुप्पी साध ली है। ऐसे कई मामले है जिन्हें लेकर आंदोलन कर सड़क की लड़ाई लड़नी है। देश में कांग्रेस की सरकार बनानी है।



स्थापना दिवस पर नागुपर में आयोजित महारैली में समर्थकों के साथ शामिल हुई नपाध्यक्ष राशि महिलांग

## कुएं से मवेशी को बाहर निकाला ...



**नर्रा।** नर्रा स्थित एक बाड़ी के कुंए में मवेशी गिर गया। जिसे मोहल्ले के लोगों ने सुरक्षिति बाहर निकाला गया। गांव के दुकालुराम पटेल, लक्ष्मण पटेल, दयासिंह दीवान, बोधन दीवान, राम कुमार पटेल, लच्छन पटेल, गुलाब दीवान, सोहन दीवान, ओंमकार दीवान, भगत दीवान, सेतराम इत्यादि ने गौ माता को कुंए से सुरक्षित बाहर निकालने में सहयोग किए।

# संस्कार पब्लिक में हुआ वार्षिकोत्सव छात्र-छात्राओं ने दी रंगारंग प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

संस्कार पब्लिक इगलिश मिडियम स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम नवरस सफलता पूर्वक हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शिशु कल्याण शिक्षा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगणों ने माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। अध्यक्ष पारस चोपड़ा, सचिव शरद जैन, सहसचिव मनोहर महांती कार्यकारिणि सदस्य डॉं. विजय कापसे, प्राचार्य गुरूप्रीत कौर, प्राचार्य समीर चैधरी, प्रधानाचार्य नैना श्रीवास्वत, प्रभारी भावना गांधी मंच पर उपस्थित थे। अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए चोपड़ा ने सभी का अभिवादन किया एवं अपने बच्चों को संस्कार पब्लिक स्कूल में एडमिशन लेने के निर्णय का स्वागत करते हुए प्रबन्धन एवं स्टाफ की ओर से उनके बच्चों के सर्वागिण विकास करने के लिए आश्वस्त किया। कार्यक्रम का श्रीगणेश संस्कार पब्लिक स्कूल की टीचर स्टाफ द्वारा गणेश वन्दना से किया। इसमें बप्पा मोरिया गीत पर एक नृत्य किया। बाद नर्सरी के बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण का सन्देश देते हुए प्रस्तुति दी। साथ ही नए और पुराने गीतों पर डांस प्रस्तुत किया। 5वीं व 6वीं के बच्चों ने शिव तांडव की शानदार प्रस्तुति दी। स्कूल के लगभग 400 बच्चों ने उड़ीया, पंजाबी, आदिवासी, आल इज वेल, क्रिसमस पर एक्ट प्रस्तुत कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इसके पूर्व विगत 17 दिसम्बर को अभिभावकों के लिए स्पोट्र्स-डे का आयोजन किया गया था। इसमें 300 अभिभावकों ने खेलों का आनंद लिया। सभी को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के अन्त में शाला प्रबन्धक मनोहर महांती ने आभार जताया। कार्यक्रम में गुरूप्रीत कौर, वर्षा देवांगन, स्वाति स्वर्णकार, विजया तिवारी, किरण गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। संचालन महेक मोटवानी और दीपाली चन्द्राकर ने किया।

# किसानों को बांटे गए बोनस प्रमाण पत्र



हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में बोनस तिहार मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीण सेवा सहकारी समिति खम्हरिया में बोनस प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस दौरान गोरेलाल चक्रधारी, गौतम चक्रधारी, यशवंत ठाकुर, छन्नू चक्रधारी, मनोहर दीवान, मवी दीवान, भूषण चक्रधारी, राजा ठाकुर, करण चक्रधारी, बिसारद कलार, गोंविद दीवान, पवन सिन्हा, कृष्ण दीवान,जीतराम साहू, कुंतु साहू, मनी चन्द्राकर, मोती चन्द्राकर, दौलत सिन्हा, धरम दीवान, थान सिंह दीवान, रेखराम चन्द्रकार,चम्मन सिन्हा, हेमराज साहू, प्रसांत दीवान, खोमन मारकाण्डे, कांतिलाल साव, उत्तम सिन्हा, छानुराम निषाद, पुष्कर साहू, नरेन्द साहू, धनेश्वर निषाद, ताकेश्वर ठाकुर, अनील ठाकुर, मनोज यादव, संदीप साहू, दिनेश यादव, माखन लाल सिन्हा, सुखराम साहू, दिनेश माण्डले, नेतराम यादव, तामेश्वर आदि उपस्थित रहे।

# दैनिक जीवन में सेवा भावना को आत्मसात करने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको द्वारा ग्राम रूमेकेल में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त क्रीड़ाअधिकारी सेवाराम साहू ने स्वयंसेवकों को दैनिक जीवन में सेवा भावना को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवकों को पढ़ाई के साथ साथ खेल के माध्यम से कैसे अपने शरीर को स्वस्थ रखें, इस संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर विशेष अतिथि पवन कुमार ध्रुव सरपंच रूमेकेल ने स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम किये गये कार्यों की सराहना की। और जीवन के हर क्षेत्र में स्वयंसेवकों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। रूमेकल में शिविर आयोजित करने के लिए संस्था के प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र प्रसाद साहू प्रधानपाठक उच्च प्राथमिक शाला रूमेकेल ने आगामी वर्षो में भी कार्यक्रम आयोजित करने पर हरसंभव मदद करने के लिए इच्छा प्रकट किया। कार्यकम्र की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य एचएल दीवान ने कार्यक्रम सफलता पूर्वक निर्वहन करने के लिए सभी स्वयंसेवकों और कार्यक्रम अधिकारी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर ने सात दिवसीय किये गये कार्यो का प्रतिवेदन पढ़ा और आभार जताया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों द्वारा उत्कृष्ठ कार्य करने वाले सभी स्वयंसेवको कों प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान



किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक कार्यक्रम अधिकारी लता भोई ने किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक तरूण कुमार ध्रुव एवं कार्यालय प्रमुख फलेश दीवान, घनश्याम सेन अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, लखन लाल ठाकुर कोषाध्यक्ष ग्राम समिति, जगत राम यादव उपसंरपंच, अहिल्या बाई, पूर्णिमा निषाद, नंदिता पोर्ते, पानबाई ध्रुव, रत्नी बाई ध्रुव पंच एवं लोकू सेन, मंगल राम यादव एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने किया राजस्व अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

कलेक्टर प्रभात मलिक ने जिले में पदस्थ सहायक कलेक्टर, अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर के मध्य पूर्व में सौंपे गए प्रभार में संशोधन करते हुए आगामी आदेश पर्यन्त तक कार्य विभाजन कर प्रभार सौंपे हैं। जारी आदेश में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस आलोक को जिला पंचायत के अतिरिक्त निम्न विभागों के प्रभारी अधिकारी - समाज कल्याण, निःशक्त कल्याण एवं पुनर्वास, जिला आयुर्वेद, कृषि विभाग, पशु चिकित्सा सेवाएं, मत्स्य पालन विभाग, उद्यानिकी विभाग, रेशम विभाग, नोडल जिला सहकारी बैंक, नागरिक आपूर्ति निगम, सहकारी संस्थाएं, ग्रामीण यांत्रिकी सेवाएं, क्रेडा, श्रम विभाग, मुख्यमंत्री कौशल विकास विभाग, ग्रामोद्योग विभाग, हथकरघा विभाग, खेल विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र का प्रभार सौंपा गया हैं।

अपर कलेक्टर दुर्गेश कुमार वर्मा को जिले के लिए अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी व अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी सरायपाली, कानून व्यवस्था संबंधी, छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत कलेक्टर के अधिकार क्षेत्र के प्रकरणों को छोड़कर राजस्व प्रकरण अपील एवं निगरानी / पुनरीक्षण प्रकरणों की सुनवाई एवं निपटारा, लिंक कोर्ट सरायपाली (प्रत्येक गुरुवार), रोस्टर अनुसार राजस्व न्यायालय का निरीक्षण, अपीलीय अधिकारी सूचना का अधिकार, खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं औषधि प्रशासन विभाग के प्रकरणों का निराकरण, विधानसभा/राज्यसभा/लोकसभा प्रश्नोत्तर प्रकोष्ठ, तहसील महासमुंद, बागबाहरा, कोमाखान, पिथौरा, बसना, सरायपाली के अंतर्गत उद्भूत अपील एवं पुनरीक्षण, पिनर्विलोकन के प्रकरणों का निराकरण, नजूल पट्टों का नवीनीकरण व नजूल शाखा के ऐसे प्रकरण व नस्तियों में जिसमें कलेक्टर के आदेश अनिवार्य न हो अपर कलेक्टर के रूप में अंतिम निराकरण, शोध क्षमता प्रमाण-पत्र जारी करना (25 लाख से ऊपर 50 लाख तक), भू-अर्जन प्रकरणों में 10 लाख तक मुआवजा प्रकरणों का अनुमोदन करना। इससे ऊपर के प्रकरण कलेक्टर को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करना, धारा 165 (6) (7) के तहत भूमि बिक्री मंजूरी के प्रकरणों की जांच कर प्रस्तुत करने का दायित्व सौंपा गया है। जिला कार्यालय के निम्न शाखाओं के लिए प्रभारी अधिकारी- विभिन्न स्तर से कार्यालय को प्राप्त होने वाले समस्त डाक की मार्किंग के लिए प्रभारी अधिकारी, जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) एवं सीएसआर मद अंतर्गत समस्त कार्य, वित्त स्थापना शाखा, जिला विवाह अधिकारी, नाजरात शाखा, जिला विभागीय जांच अधिकारी, जिला नवाचार निधि योजना तथा खनिज विभाग, आबकारी विभाग व जिला कोषालय विभाग के प्रभारी अधिकारी होंगे।

## किसानों को बोनस से वंचित करने भाजपा ने रचा षड़यंत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने भाजपा सरकार द्वारा बकाया बोनस देने की प्रक्रिया को महज एक नौटंकी करार देते हुए कहा कि भाजपा ने अपने समय का बकाया बोनस कम किसानों को देना पड़े इसके लिए सुनियोजित तरीके से षड्यंत्र रचा। क्योंकि, चुनाव पूर्व उनके घोषणा पत्र में बकाया बोनस वर्ष 2016-17 और 2017-18 का दिया जाना उल्लेखित था, पर सरकारी आदेश वर्ष 2014-15 तथा 2015-16 का निकला। जिसमें से केवल 2014-15 (1 वर्ष) का बोनस ही बहुत कम किसानों को दिया गया। 2015-16 का बोनस दबा दिया गया।

चंद्राकर ने कहा कि भाजपा और प्रशासनिक तंत्र द्वारा कम कृषकों को बोनस देना पड़े इसके लिए यह षड़यंत्र रची गई। क्योंकि, वर्ष 2014-15 में पंजीकृत कृषकों की संख्या कम रही। तब प्रदेश में अकाल पड़ा था और बहुत कम किसानों ने धान बेचा था। उन्होंने कहा कि 8 वर्ष पुराना जो बोनस कृषकों को दिया गया है, उसका उन्हें ब्याज भी देना चाहिए।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा की दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

महासमुंद विधानसभा के ग्राम मचेवा में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। जिसमें सांसद कार्यालय प्रभारी मोहन साहू, विधायक प्रतिनिधि बंटी शर्मा, सांसद प्रतिनिधि पवन साहू, सरपंच किरण पवन लहरे, भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष आनंद साहू ने संकल्प यात्रा में बतौर अतिथि सम्मिलित हुए।

सांसद कार्यालय प्रभारी मोहन साहू ने कहा कि मोदी की गारंटी की गाड़ी देश के कोने-कोने में पहुंच रही है। यह गाड़ी युवाओं और महिला शक्ति दोनों को ही सशक्त कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार जन-जन के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही है, जिसका लोग पात्रता के आधार पर लाभ उठा रहे हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं को ग्राम मचेवा में घर-घर पहुंचाने के लिए विशेष अभियान की शुरूवात करते हुए महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मचेवा में भक्त माता कर्मा कॉलेज परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का सांसद कार्यालय प्रभारी मोहन साहू, विधायक प्रतिनिधि बंटी शर्मा, सांसद प्रतिनिधि पवन साहू ने शुभारंभ किया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की सभी जनोपयोगी योजनाओं के शिविर लगाए गए। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास और श्रम विभाग का स्टाल भी लगाया गया। विभाग संबंधी सभी जानकारियां देते हुए योजनाओं का लाभ लेने पात्र हितग्राहियों के आवेदन लेकर उनका निराकरण किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम बरोण्डाबाजार के मां महामाया महिला स्वसहायता समूह एवं ग्राम मचेवा के माता सफरी महिला स्वसहायता समूह को तीन तीन लाख रुपए का चेक एवं किसानों को मक्का, रागी के बीज के पैकेट का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा उपस्थित सभी लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का संचानल प्रोफेसर डॉ एसबी कुमार ने किया।





इस दौरान प्रोफेसर डॉ मनोज शर्मा, विश्राम साहू, युवा नेता डेवीड तांडी, पवन लहरे, विश्राम साहू, राम प्यारी साहू, बंसत कोसरे, शाखाराम साहू, अतिरिक्त सीइओ वर्मा, कृषि विज्ञान अधिकारी बंशी पटेल, ओम प्रकाश चन्द्राकर, राधेश्याम सोनी, आलोक तिवारी, संतोष चन्द्राकर आदि उपस्थित रहे।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### संकल्प यात्रा अभियान में स्वास्थ्य परीक्षण

**रायपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत डीडी नगर सामुदायिक भवन परिसर में पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा, आयुष्मान कार्ड, पीएम उज्जवला, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में 570 नागरिकों ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। शिविर में सांसद सुनील सोनी, पार्षद मधु चंद्रवंशी, आशु चंद्रवंशी, रमेश सिंह ठाकुर, गोपी साहू, सुशील कुमार चौधरी, लाल महेंद्र सिंह समेत वार्डवासी उपस्थित थे।

### राजनीतिक रोटी सेंकना बंद करें कांग्रेसी



**रायपुर।** पारिवारिक विवाद के चलते लखनलाल सेन और उनके परिवार द्वारा आत्महत्या का कदम उठाना बेहद दुर्भाग्यजनक है। इस घटना से सेन समाज स्तब्ध है तथा इस दुख की घड़ी में पूरा समाज तथा भारतीय जनता पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है। ऐसे मौके पर जब मृतक परिवार का क्रियाकर्म तक नहीं और मौके की राजनीति करने वाले कांग्रेसी जिस पर अनर्गल बयानबाजी कर रहे, ये बेहद शर्मनाक है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, अभी तक कुछ भी स्पष्ट नहीं है। ऐसे में कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी पीड़ित परिवार को दुखी कर रही है। इस नाजुक मौके पर प्रदेश प्रवक्ता गौरीशंकर श्रीवास, सेन समाज के जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज ठाकुर समेत प्रदेश पदाधिकारी चीरघर पहुंचकर परिवार से भेंट कर इस विषय पर कांग्रेस पार्टी को किसी भी प्रकार की राजनीति करने से बाज आने की हिदायत देते हुए खुली चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी कांग्रेसी को पीड़ित परिवार के घर को राजनीति का अड्डा नहीं बनने देंगे। समाज परिवार के साथ है।

### सिंघनपुर में मड़ई मेला आज

**महासमुंद।** सिंघनपुर (झलप) में 31 दिसम्बर रविवार को 04 बजे से मड़ई मेला का आयोजन किया गया। रात्रि कार्यक्रम में लोक कला मंच जोहार ग्रुप रायपुर (सिंगर प्रीतम टाण्डी) की रंगारंग प्रस्तुति होगी।

### टेलीकॉम एडवाइजरी कमेटी के सदस्य बने मनमीत

**पिथौरा।** संचार मंत्रालय भारत सरकार ने टेलीकॉम एडवाइजरी कमेटी सदस्य के रूप में मनमीत सिंह छाबड़ा (रिक्की) के नामांकन के लिए आदेश जारी किया है। टेलीकॉम एडवाइजरी कमेटी (टीएसी) एक उच्च स्तरीय भारतीय सरकारी निकाय है, जो भारत में दूरसंचार से संबंधित मुद्दों को संबोधित करने के लिए संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा नामित संसद के सदस्यों और अन्य सदस्यों से बना है। मनमीत छाबड़ा, जिन्हें टीएसी के सदस्य के रूप में पहली बार मंत्रालय द्वारा नामित किया गया है।

## निधन

### तिहारूराम साहू



**पलारी।** नगर पलारी के वार्ड नं 2 के प्रतिष्ठित नागरिक तिहारू राम साहू का शनिवार को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार रविवार को मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे पूर्व पार्षद मुंशीराम साहू के पिता थे।

### दाऊ लाल साहू



**पलारी।** ग्राम घिरघोल निवासी दाऊ लाल साहू का शनिवार को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे गंगाराम साहू के पुत्र, सीताराम, श्यामलाल साहू के भतीजा, ह्रदय साहू के बड़े भाई थे।

---

**कार्यक्रम : जिला और पंचायत स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए**

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में लगा शिविर, योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

फ्लैगशिप शासकीय योजनाओं में हितग्राहियों की शत-प्रतिशत भागीदारी एवं योजनाओं के प्रति जागरूकता संबंधित गतिविधि अभियान अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रथम चरण ग्राम पंचायत धाराशिव में हुआ। इसमें हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी लिए। ग्राम पंचायत सकरी खैरा के पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा ने बताया कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं स्वच्छ भारत मिशन, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल सुविधा, महत्वपूर्ण शिक्षा, बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना है। साथ ही प्रमुख योजनाओं मिशन के माध्यम से संतृप्त के लिए सभी लक्षण और पत्रहित लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएं विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु जिला ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।



**मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत दी गई योजना की जानकारी**

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी, जनपद पंचायत बलौदा बाजार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एमएल मंडावी की उपस्थिति में आयोजित की गई। इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में राज्य एवं भारत सरकार और राज्य की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन आवश्यक वित्त पोषाक सेवाएं, एलपीजी गैस कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अलावा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत सभी संचालित योजनाओं की समीक्षा के लिए आयोजित की गई। विकसित संकल्प भारत यात्रा में आयुष्मान भारत गरीब कल्याण, अन्य योजना दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, विश्वकर्म योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, जीवन ज्योति बीमा योजना, जीवन सुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम संधि योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, मुद्रा लोन, पीएम आवास योजना, नल जल योजना, स्वास्थ्य योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, स्कूल शिक्षा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि एवं कृषि विज्ञान केंद्र, ग्रामीण विकास विभाग, सहकारिता पशुपालन एवं मत्स्य पालन जैसे महत्वपूर्ण विभागों के स्टाल लगाए गए। सभी विभागों से मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत प्रस्तुति दी गई।

केंद्र पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। ग्राम पंचायत धारासिव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुख्य रूप से नोडल अधिकारी जनपद पंचायत बलौदा बाजार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एमएल मंडावी, तहसीलदार सोरी, भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष विजय कुमार यदु, अनुपम बाजपाई सहित धाराशिव के सरपंच बंशीलाल चेलक, उप सरपंच सुशीला बाई जायसवाल, सचिव मनोज कुमार मारकंडे, डॉ. दौलत राम वर्मा, शीला रजक, ग्राम पंचायत सकरी खैर के पंचायत सचिव हरि किशन वर्मा, सचिव संघ ब्लॉक अध्यक्ष अग्नि निर्मलकर, द्वारिका प्रसाद बिड़ले, संतोष सेन, लहर सिंह, राजू लाल वर्मा, गौरी शंकर चंद्राकर, लोकेश्वर चंद्राकर, केशव पटेल, निरहुआ चंद्राकर, प्यारेलाल वर्मा, नंदू राम वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, डॉ. रमैया लाल यादव कंठे यादव सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सुशासन दिवस पर पालिका में सफाई अभियान जारी



**भाटापारा।** नगर पालिका परिषद भाटापारा क्षेत्रांतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी लाल अजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में नगर पालिका टीम के साथ 25 से 31 दिसम्बर तक सुशासन दिवस के तहत सफाई सप्ताह अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत रविवार को स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर रावनभाठा मैदान में सफाई अभियान चलाया गया तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के प्रयास किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी लाल अजय बहादुर सिंह ने लोगों से अपील की अपने वार्ड, मोहल्ले, शहर में साफ सफाई रखें तथा घर से निकलने वाले कचरे को मिशन क्लीन सिटी के गाड़ियों में ही डाले। उक्त अभियान में स्वच्छता निरीक्षक विरेन्द्र वर्मा, राजस्व निरीक्षक अजय नायडू, सहायक ग्रेड 03 पूर्णेन्दु त्रिवेदी, जिला समन्वयक सुमित कुमार दुबे, विकास वैष्णव, सौरभ ठाकुर, बंशी चौहान, रिखीराम यादव, केशव वैष्णव, सुरेन्द्र जांगड़े, देवा बंजारे, सुरेश यादव, धनेश साहू तथा नगर पालिका के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## रेलवे स्टेशन के शौचालय अब होंगे साफ, दूर होगी अव्यवस्था

**रायपुर।** रेलवे स्टेशन के शौचालय अब यात्रियों को साफ-सुथरा मिलेंगे, क्योंकि अब अगर गंदगी मिली, तो स्वच्छ शौचालय अभियान से जोन पिछड़ जाएगा। रेलवे बोर्ड ने सभी जोन को स्वच्छ शौचालय अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत ही मंडल के स्टेशनों पर मौजूद शौचालयों की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए स्वच्छ शौचालय अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत स्टेशनों पर मौजूद वर्तमान शौचालयों की बेहतर सफाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित स्टेशनों के मंडल वाणिज्य निरीक्षकों व मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षकों को नामित किया गया है।

## जुनवानी में क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

तहसील भटगांव के ग्राम पंचायत जुनवानी में न्यू लायंस क्लब के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ जनपद पंचायत सदस्य सहदेव सिंह सिदार ने किया। विशिष्ट अतिथि सरपंच प्रतिनिधि दिनेश केवट थे।

मुख्य अथिति ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में स्वास्थ्य शरीर के लिए खेल जरूरी है। इस प्रकार के आयोजनों से खिलाड़ियों की प्रतिभा सामने आती है। क्रिकेट समिति के सदस्य धरम यादव, सरोज सिदार ने बताया कि मैच में प्रथम पुरस्कार 15001 एवं कप, द्वितीय पुरस्कार 7001 एवं कप तथा मैन ऑफ द सीरीज 501 रुपये एवं कप है।

## मानव जाति के लिए प्रेरणा स्रोत है गुरु घासीदास ...



**बगबुड़ा।** ग्राम परसाडीह में आयोजित बाबा गुरुघासीदास की जयंती में मुख्य अतिथि विधायक संदीप साहू शामिल हुए। उन्होंने कहा भारत भूमि में अनेक संत महात्माओं ने जन्म लिया। उनमें से एक बाबा गुरु घासीदास है, जो मानव जाति के लिए प्रेरणा स्रोत है। बाबा गुरु घासीदास के विचार आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा गुरु बाबा ने सामाजिक समानता और समरसता मनखे-मनखे एक समान का जो संदेश दिया था, उससे समाज में नई जागृति आई। इस अवसर पर रोहित साहू उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस, अश्ववनी वर्मा, मनीष चंद्राकर, बिसेसर वर्मा, नीलकमल आजाद, चुरामणि गायकवाड़, महेश बारले, महेश ढीढी, संतोष टंडन, बसंत चेलक, पिंटू वर्मा, महेंद्र सुरतांगे, प्रदीप टंडन, बीसे रात्रे, राजा सुरतंगे, तिलक बंजारे सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## धाराशिव में तीन दिवसीय कबीर संत समागम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

तीन दिवसीय कबीर संत समागम समारोह धाराशिव में हुआ, जिसमें आसपास गांव लछनपुर, सकरी, सूढ़ेला, गुमा, मोहतरा, बम्हनपुरी, रतनपुर के कबीर पंथी टोलियां शामिल हुईं। इस कबीर संत समागम का आयोजन कबीर समिति धाराशिव द्वारा किया गया। तोलिया द्वारा संगीतमय भजन की प्रस्तुति दी गई, जिसमें विष्णु दास मानिकपुरी, मिलन दास मानिकपुरी, मनहरण, मंगल दास मानिकपुरी, अशोक, सिपाही दास मानिकपुरी, नामदास मानिकपुरी, गैलन दास, श्याम दास, टिकेश्वरी मानिकपुरी, नंदनी मानिकपुरी, ईश्वर दास एवं समस्त ग्रामवासियों ने सहयोग प्रदान किया।

## राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में ऋषभ सिंह ने निभाई छत्तीसगढ़ कोच की भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 28 राज्यों से लगभग 1500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 5 संभाग के 42 खिलाड़ी शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ कराते कोच बनकर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाते हुए ऋषभ सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ कोच की भूमिका निभाई, जिसके लिए SGFI प्रबंधन ने श्री चौहान के उज्वल भविष्य की



कामना की। दल प्रबंधक कल्पना स्वामी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ बालक एवं बालिका कराटे टीम दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लिया, साथ में अमल तालुकदार, आरती शुक्ला, शशांक गुप्ता, सुश्री प्रेरणा मुनी सहित प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## खरोरा में मनाया गया गणेश चतुर्थी व्रत

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में संकष्टी गणेश चतुर्थी व्रत पर भगवान गणेश की पूजा अर्चना की गई। उमा साहू, महेश्वरी चन्द्राकर, बेदन बाई चन्द्राकर, सुमन यादव, अल्फु साहू, मालती पटेल, जय साहू, ओमप्रकाश सेन, डेविका साहू, राजकुमरी यादव, खुशबू निषाद, मधु चन्द्राकर, मुकेश चन्द्राकर ने कहा कि कोई भी कार्य में पहले भगवान गणेश की पूजा अर्चना संपन्न होते हैं। संकष्टी चतुर्थी व्रत का मान्यता है कि इस दिन व्रत और भगवान गणेश की आराधना करने से सभी तरह के कष्टों से मुक्ति मिमलती है। इस साल संकष्टी गणेश चतुर्थी व्रत 30 दिसम्बर को मनाया गया।

## रासेयो शिविर के समापन में बांटे गए प्रमाण-पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सोनारदेवरी के रासेयो इकाई का शिविर ग्राम पंचायत बैजनाथ खपरी में सात दिनों तक आयोजित हुआ, जिसका समापन सरपंच चरणदास तेहरवंस व पंचों के आतिथ्य में हुआ। अतिथियों ने सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र वितरण किया।

उक्त अवसर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी कल्पना भगत, वरिष्ठ स्वयं सेवक गैंदराम धीवर, टीकाराम यादव, पारसनाथ कनौजे, केशर कनौजे, शैलेन्द्र, विमल, आकांक्षा, जीवन, स्वयं सेवक सुकृता, योगेश, रितु, कुमकुम, श्रृष्टि, आकाश, गीतिका, रमा, गणेश्वरी, पूनम, चंद्रकला, एकता, तनुजा, सुनीता अंजली, नीता, ट्विंकल, पायल, जानवी, मनीष, धीरज, देवनारायण, तालेश्वर, हरीश, पुष्पेंद्र, सोमनाथ, गोविंद, टाकेशर, खिलेशवर, प्रवीण, दिलेश्वर, देवेंद्र, पंकज सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## नशा मुक्त समाज विषय पर रासेयो ने दी नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

शासकीय महाविद्यालय लवन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम मुंडा की शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत नशा मुक्त समाज विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। ग्राम मुंडा बस्ती क्षेत्र में स्वयंसेवकों ने रैली निकाल कर नशा मुक्त समाज के संदेश का प्रसार किया। बौद्धिक परिचर्चा के सत्र में महिला एवं बाल विकास




विभाग की जिला बाल संरक्षण इकाई से अर्चना वैष्णव एवं जितेंद्र कुमार द्वारा शून्य से 18 वर्ष के बालक बालिकाओं के अधिकार, विद्यालयीन छात्र-छात्राओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के रोकथाम के उपाय सहित पॉक्सो एक्ट, लिंग संवेदनशीलता आदि विषयों के संदर्भ में छात्र-छात्राओं को संबोधित किया।

## भालू के हमले से मौत, पीड़ित परिवार को वन विभाग ने दी 6 लाख की सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

बिलाईगढ़ के ग्राम खुरसुला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा -मेरी कहानी मेरी जुबानी- कार्यक्रम में मृतक पवन गोड की पत्नी शांति बाई को वन विभाग ने 6 लाख की सहायता राशि प्रदान की है।

इस संबंध में शांति बाई ने बताया कि भालू द्वारा किए गए हमले से मेरे पति की मृत्यु होने पर हमारे परिवार को 6 लाख रुपये वन विभाग द्वारा सहायता दी गई। वन परिक्षेत्र बिलाईगढ़ के रेंजर आसिफ खान ने बताया कि मृतक के परिवार को तात्कालिक रूप से 25 हजार की सहायता दी गई थी। इसके बाद 5 लाख 75 हजार रुपए की सहायता प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि वन परिक्षेत्र बिलाईगढ़ के अंतर्गत खुरसुला के जंगल में महुआ बिनने एवं बकरी चराने के लिए पवन सिंह गोड पिता अदालत सिंह 55 वर्ष ग्राम खुरसुला जंगल




गया था। घटना 2 अप्रैल को सुबह 9 बजे की है। खुरसुला के बकली पाली में गोठान से दो सौ मीटर दूर बेंद्रीचुवा नामक स्थान में भालू द्वारा हमला कर देने से मृतक की वहीं मौत हो गई। घटना की सूचना पर वन विभाग ने मृतक को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ भिजवाया था।

